प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 25.01.2025 समय : 01:00 पी.एम.

आज राष्ट्रीय मतदाता दिवस है। इस अवसर पर नई दिल्ली में समारोह आयोजित किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने लोगों को संबोधित किया। कार्यक्रम में विभिन्न देशों के चुनाव प्रबंधन निकायों के प्रतिनिधि तथा प्रमुखों ने हिस्सा लिया। राष्ट्रपति ने सुचारू रूप से चुनाव सम्पन्न कराने के लिए राज्य और जिला अधिकारियों को सर्वोत्तम प्रकिया पुरस्कार प्रदान किया। कार्यक्रम में केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल और मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

........................................................

राज्यपाल हरीभाऊ बागडे ने कहा है कि लोगों को मतदान की ताकत को पहचानकर अपने अधिकार का उचित उपयोग करना चाहिए। श्री बागडे आज जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर आयोजित राज्यस्तरीय समारोह में बोल रहे थे। श्री बागडे ने लोगों से मतदाता सूची में ज्यादा से ज्यादा नाम जुडवाने का आग्रह किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने दो युवा मतदाताओं को मतदाता पहचान पत्र–एपिक कार्ड सौंपे। वहीं चुनाव कार्यो में विशेष प्रदर्शन करने वाले 33 अधिकारियों और कार्मिकों को सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के वीडियो संदेश का प्रसारण भी किया गया। इस मौके पर राज्यपाल ने मतदाता दिवस की थीम–''**नथिंग लाइक वोटिंग, आई वोट फोर श्योर**'' पर तैयार किये गये पोस्टर का विमोचन भी किया।

........................................................

गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर आज उदयपुर स्थित सहेलियों की बाडी में एट होम कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम में राज्यपाल हरिभाऊ बागडे और मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा शिरकत करेंगे। इस अवसर पर राज्यपाल हरीभाऊ बागडे राजस्थान पुलिस के अधिकारियों और पुलिस कर्मियों को पुलिस पदक प्रदान करेंगे। गणतंत्र दिवस का राज्यस्तरीय समारोह कल महाराणा भूपाल स्टेडियम में आयोजित किया जायेगा। इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। वहीं सुरक्षा और यातायात के पुख्ता इंतजाम किए गए है। इस बीच जिलास्तर पर आयोजित होने वाले समारोहों की भी तैयारियां जोर शोर पर हैं। झुंझुनूं में गणतंत्र दिवस से पहले आज जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में स्कूली बच्चों ने लोगों को लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। हनुमानगढ में आज पूर्व संध्या पर शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा।

........................................................

राष्ट्रीय कार्यक्रमों में जन भागीदारी बढ़ाने के सरकार के प्रयासों के तहत कल नई दिल्ली में कर्तव्य पथ पर 76वीं गणतंत्र दिवस परेड़ देखने के लिए लगभग दस हजार विशेष अतिथियों को आमंत्रित किया गया है। आमंत्रित अतिथियों में अजमेर के वन्य जीव और पर्यावरण संरक्षण से जुडे सुखदेव भट्ट भी शामिल है। उन्होंने समारोह में शामिल होने को लेकर खुशी व्यक्त करते हुए केन्द्र सरकार का आभार जताया है।

........................................................

खाद्य और नागरिक आपूर्ति विभाग ने खाद्य सुरक्षा से वंचित पात्र परिवारों और व्यक्तियों को खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत लाभ पंहुचाने के लिए नए दिशा निर्देश जारी किए हैं। खाद्य और नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने बताया कि ये निर्देश कल से लागू होंगे। उन्होंने कहा कि नये प्रावधानों से लोगों को खाद्य सुरक्षा से जोड़ने का काम अधिक पारदर्शिता और समयबद्ध रूप से हो सकेगा। इन निर्देशो के अनुसार इच्छुक व्यक्ति या परिवार को निर्धारित प्रारूप में आवेदन करना होगा। इसके लिए लोग खुद या ई–मित्र के जरिये आवेदन कर सकते है।

........................................................

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को संबोधित करेंगी। यह संबोधन शाम सात बजे से आकाशवाणी के पूरे राष्ट्रीय नेटवर्क पर और दूरदर्शन के सभी चैनलों पर हिंदी तथा अंग्रेजी में प्रसारित किया जाएगा।

.........................................................

आज राष्ट्रीय पर्यटन दिवस है। प्रदेश में पर्यटन को बढावा देने के लिए पर्यटन विभाग की ओर से समय–समय पर विभिन्न कार्यक्रम और महोत्सव आयोजित किये जाते है। इसी कडी में जयपुर जिले की सांभर झील पर सांभर महोत्सव चल रहा है। पांच दिन के इस महोत्सव में स्थानीय लोगों के साथ देशी विदेशी सैलानी पंहुचे है। उधर जैसलमेर में मरू महोत्सव का आयोजन 9 फरवरी से किया जायेगा। महोत्सव के दौरान मिस्टर डेजर्ट और मिस मूमल जैसी प्रतियोगिताओं के साथ ही ऊंटों की भी रोचक प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती है। इसको लेकर कल जिला कलेक्टर ने अधिकारियों के साथ बैठक की। इस अवसर पर मरू महोत्सव का पोस्टर लॉंच किया गया। उन्होंने महोत्सव के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों में ख्यातनाम लोक कलाकारों की प्रस्तुतियां कराये जाने पर विशेष जोर दिया।

.........................................................

प्रदेश में बीते 24 घंटों में ज्यादातर स्थानों पर न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सैल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है। मौसम केन्द्र जयपुर से प्राप्त आंकडो के अनुसार जोधपुर में रात का पारा 5 डिग्री लुढक कर 8 दशमलव 2 डिग्री सैल्सियस पर पंहुच गया। 15 स्थानों पर न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सैल्सियस से नीचे रिकॉर्ड हुआ। सबसे कम 1 दशमलव 8 डिग्री सैल्सियस तापमान माउंट आबू में दर्ज हुआ। केन्द्र ने आगामी 2–3 दिन तापमान में और गिरावट के आसार व्यक्त किये है। लोगों को कड़ाके की सर्दी से 28 जनवरी से राहत मिलने की संभावना है।

.........................................................